योग के रंग में पूरी तरह रंगे दिखे लखनवाइट्स

LUCKNOW(21 June, inext): रमाबाई अंबेडकर मैदान में पीएम नरेंद्र मोदी, सीएम योगी और गवर्नर राम नाईक के साथ जब 50 हजार से अधिक लोग योग कर रहे थे उसी दौरान शहर के विभिन्न हिस्सों में पार्क, स्कूलों, विभिन्न ऑफिसेज और संस्थानों में योग शिविरों का आयोजन किया गया. केजीएमयू के 800 डॉक्टर और कर्मचारियों ने रमाबाई अंबेडकर मैदान में योग किया. साथ ही शेष बचे लोगों ने डॉ. वाणी गुप्ता के निर्देशन में संस्थान में भी योगा किया. वहीं गोमती नगर स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस और डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भी योग शिविर आयोजित किया गया. गोमती नगर स्थित हेल्थ सिटी में योग इंस्ट्रक्टर नेहा पाल ने सभी डायरेक्टर्स, डॉक्टर्स और अन्य स्टाफ को योग आसन कराए. उधर, सीएसआईआर-सीडीआरआई में बीआरडी मेडिकल कॉलेज के सर्जन डॉ. दीनानाथ पटेल ने वैज्ञानिकों और अन्य स्टाफ को योग कराया. इसके साथ ही शहर के कई स्थानों पर भी योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

PICS: DAINIK JAGRAN-I NEXT

एनबीआरआई

जनकल्याण समिति

इंटीग्रल यूनिवर्सिटी

डीपीएस

ख्वाजा मोइनुद्दीन यूनिवर्सिटी

एमिटी यूनिवर्सिटी

आईआईएसई

सीडीआरआई

केजीएमयू

अवध कॉलिजिएट

कैसरबाग बस अड्डा

एयरफोर्स स्टेशन, बीकेटी